संख्या– 195 /USDMA-672-(2019)TC

प्रेषक,

सचिव,
आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
कुमायूँ एवं गढ़वाल मण्डल,
उत्तराखण्ड।

यू.एस.डी.एम.ए. देहरादूनः दिनांकः 23 मई, 2020

विषय– तालाबन्दी के कारण विभिन्न स्थानों पर रह रहे व्यक्तियों के आवागमन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत करवाना है की वर्तमान में राज्य सरकार के द्वारा तालाबन्दी के कारण विभिन्न राज्यो में प्रवास कर रहे उत्तराखण्ड के निवासियों को विभिन्न माध्यमों से वापस लाये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उक्त के क्रम में इन व्यक्तियों को प्रथमतः देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, चम्पावत एवं नैनीताल जनपदों में उक्त हेतु निर्धारित स्टेजिंग एरिया (Staging Area) में लाया जा रहा है, जहॉ से इन व्यक्तियों को अपने गृह जनपद तक भेजे जाने की व्यवस्थायें की जा रही है।

इस कार्य में सम्बन्धित जनपदों को सहयोग दिये जाने तथा प्रवासियों को सुगमतापूर्वक उनके गृह जनपद तक पहुँचाने की व्यवस्थायें किये जाने हेतु सम्बन्धित जनपदों से समन्वय कर अधिकारियों को देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, चम्पावत एवं नैनीताल जनपदों में प्रवासियों के आवागमन हेतु निर्धारित स्टेजिगं एरिया (Staging Area) से संबद्ध करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शैलेश बगोली)
सचिव,

संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि समस्त जिलाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(शैलेश बगोली)
सचिव,